## महत्वपूर्ण एवं खास

### विवाद के चलते तीन से मारपीट

**बिलासपुर।** मारपीट में घायल तीन को सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। सरकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोपका निवासी गायत्री चंद्राकर पति सुखनंदन चंद्राकर(35) और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीपारा निवासी बिसाहू सोनी पिता सनकुलाल सोनी(28) की घर में तो विकास शुक्ला पिता जगदेव शुक्ला(25) की मोहल्ले में किसी विवाद के चलते पिटाई कर दी गई,जिसस बिलासपुर। मारपीट में घायल तीन को सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। सरकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोपका निवासी गायत्री चंद्राकर पति सुखनंदन चंद्राकर(35) और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीपारा निवासी बिसाहू सोनी पिता सनकुलाल सोनी(28) की घर में तो विकास शुक्ला पिता जगदेव शुक्ला(25) की मोहल्ले में किसी विवाद के चलते पिटाई कर दी गई,जिससे वे घायल हो गए।

### जंगल में मृत मिले दो बायसन, पीएम रिपोर्ट में पता चलेगा मौत का कारण

**बारनवापारा।** अभयारण्य अंतर्गत के दो अलग-अलग स्थानों पर दो बायसन की मौत होने का मामला सामने आया है। मृत बायसन में एक 7 वर्ष का नर व दूसरा उम्रदराज मादा है। बायसनों की मौत की वजह लड़ाई बताई जा रही है। बायसनों का शव परीक्षण के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। नर का शव कोठारी परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 161 बीट एवं उम्र दराज मादा बायसन का शव चरौदा सर्कल के पकरीद कक्ष क्रमांक 126 के पास मिला है। गर्मी में वन्य प्राणियों को जंगल में भोजन व पानी नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह से भटक रहे हैं। तेज गर्मी से जंगलों के छोटे-छोटे तालाब भी सूख गए हैं। वन विभाग के अनुसार एक उम्र दराज मादा बायसन व नर बायसन का शव जंगल में मिला। वन विभाग दो बायसन की मौत की तफ्तीश में जुट गई है। विभाग पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है, ताकि दोनों बायसनों की मौत का कारण स्पष्ट हो सके। इसके पूर्व जंगल क्षेत्र में जंगलों के बीच स्थित पानी के स्रोतों में जहर खुरानी से बायसन, चीतल, मोर, बंदर सहित अन्य वन्य प्राणियों की मौत हो चुकी है।

### बस का इंतजार करते बिगड़ी लाईन मैन की तबियत, दम तोड़ा

**कोरबा।** काम पर जाने के लिए बस का इंतजार करते विद्युत विभाग के लाइनमैन की तबियत अचानक बिगड़ गयी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पास ही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कटघोरा के नया बस स्टैंड प्रतीक्षालय में एक युवक सुतर्रा जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान उसकी तबियत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाने पर इलाज शुरू होने से पहले दम तोड़ दिया। अस्पताल कर्मी की सूचना पर कटघोरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की पहचान उसके जेब से मिले आधार कार्ड से की। मृतक की शिनाख्त रविशंकर साहू पिता स्व. रोहित कुमार 43 वर्ष निवासी पावर हाउस रोड के रूप में की गई। वह विद्युत वितरण विभाग के अंतर्गत सुतर्रा क्षेत्र में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। शिनाख्त उपरांत पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी व उनके पहुंचने पर शव को पोस्टमार्टम बाद सुपुर्द किया।

### स्कूली विद्यार्थियों को हिंसा की आग में झोंक रहे नक्सली

**जगदलपुर।** नक्सलियों ने अपनी जरूरतों के लिए और अपनी मदद के लिए पोटा केबिन में पढ़ रहे बच्चों को पढ़ने के बजाये हिंसा की आग में झोंक रहे हैं। जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिला के अंतर्गत पोटाकेबिन में पढ़ रहे बच्चों को अपने बस में कर वे अपने लिए दवाई व अन्य सामानों की पोटाकेबिन से चोरी कर उनको देने के लिए बाध्य कर रहे हैं और आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पोटाकेबिनों के पढ़ने वाले कई बच्चे इसमें शामिल हैं। अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए बच्चों को अपने प्रभाव में लेकर काम कराने के कई प्रकरण सामने आ चुके हैं। इस सिलसिले में पिछले 3 महीने में 6 से अधिक छात्रों का नक्सलियों से संबंध रखना पाया गया है। उल्लेखनीय तथ्य है कि इन पोटाकेबिनों में रह कर पढ़ने वाले कई छात्रों को नक्सलियों ने अपना शिकार बना रखा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिला के अंतर्गत कुआकोंडा पोटाकेबिन के छात्र को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने ऐसे मामलों की जांच में तेजी लाई है और बच्चे के पास से जब्त हुए मोबाइल को सायबर सेल में रखा गया है।

# नेताओं की किस्मत स्ट्रांग रूम में बंद

## तगड़ी सुरक्षा के साथ रखी गई, ईव्हीएम एवं वीवी पैट मशीनें

**रायपुर।** प्रदेश में तीसरे और अंतिम चरण में सात लोकसभा क्षेत्रों के लिए हुए मतदान के पश्चात संबंधित जिलों में स्थापित स्ट्रांग रूम में विधानसभावार तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ई.व्ही.एम. और वी.वी.पैट मशीनें रखी गई हैं। सभी स्ट्रांग रूम को प्रेक्षक और प्रत्याशी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि की मौजूदगी में सील कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश की ग्यारह सीटों सहित देश के सभी लोकसभा सीटों के लिए 23 मई को मतगणना होगी।

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात लोकसभा क्षेत्रों में कुल 70.72 प्रतिशत मतदान हुआ।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने आज प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। हालांकि मंगलवार को संपन्न हुए चुनाव के बाद आयोग ने शाम 7 बजे तक मिली रिपोर्ट के आधार पर औसतन कुल 68.25 प्रतिशत होना बताया था और संभावना जतायी थी कि मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने बताया कि तीसरे चरण में सात लोकसभा सीट रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, कोरबा, रायगढ़ एवं दुर्ग के लिए मतदान संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि सभी सातों लोकसभा क्षेत्रों से मतदान का प्रतिशत की वास्तविक जानकारी मिल गयी है।

### सिको काई कराते इंटरनेशनल छ.ग. के सात खिलाड़ियों को मिला ब्लेक बेल्ट

**रायपुर।** काफ क्लब गोमती इंडस्ट्रीज शंकर नगर स्थित कराते स्कूल में सिको काई कराते के सात खिलाड़ी को ब्लेक बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर छ.ग. कराते डू एसोशियशन के अध्यक्ष रेन्शी विजय तिवारी जी काफ क्लब के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवं कराते कोच सेन्सई तुलसीराम सपहा के द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र दिया गया। ब्लेक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ी- जयेश सपहा, अर्नव राठी, अनन्या-मुखर्जी, ओमिका चौहान, अवनी राठी, तनिष्क अग्रवाल, ओम लुम्बा को मिला। उपरोक्त जानकारी देते हुए सेन्सई तुलसीराम सपहा ने बताया कई राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अब तक तकरीबन 25 खिलाड़ियों को ब्लेक बेल्ट तक पहुंचाया। इस अवसर पर सेम्पाई, सूरज यादव, हरि पटेल, कार्यक्रम संचालन सेम्पाई आदित्य तिवारी एवं खिलाड़ी व पालक गण पलक वर्मा, प्रखर, सूरज धीवर, राज अनिस, काव्या, सिद्धांत, कान्हा, योग्या,

# मतदाता 26 तक भेज सकते हैं अपनी सेल्फी




**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2019 के तहत मतदाताओं को प्रोत्साहित करने आयोजित की गई सेल्फी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल तक मतदाता अपनी प्रविष्टी भेज सकते हैं। 23 अप्रैल को प्रदेश में तीसरे चरण के लिए सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो गया। तीनों चरणों में सभी मतदान केन्द्रों में 'वोटर सेल्फी जोन' स्थापित किए गए थे। प्रतियोगिता में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 25 उत्कृष्ट सेल्फियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें उन्हीं सेल्फियों को शामिल किया जाएगा, जो अपनी प्रविष्टी मतदान के तीन दिनों के भीतर भेजेंगे। लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों के बाहर सेल्फी जोन स्थापित किया गया था। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मतदाता को अपने बायें हाथ की तर्जनी उंगली में लगी अमिट स्याही दिखाते हुए वोटर सेल्फी पोस्टर के साथ सेल्फी लेकर भेजना है। मतदाता, सेल्फी खींचकर उसे अपने मतदाता परिचय पत्र क्रमांक के साथ विधानसभा क्षेत्र एवं लोकसभा क्षेत्र का नाम एवं क्रमांक अंकित करते हुए 26 अप्रैल 2019 तक अपने ट्वीटर हैंडल पर टैग करें अथवा फेसबुक अकाउंट से पर पोस्ट करेंगे अथवा ई-मेल में भेज सकते हैं। प्रत्येक लोकसभा से 25 उत्कृष्ट सेल्फी का चयन कर आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए मतदाता को सेल्फी-मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र के समीप स्थापित 'सेल्फी पोस्टर के समक्ष ही खींची गई सेल्फी भेजनी

# जिला अस्पताल में पानी की समस्या

**बिलासपुर।** जलस्तर गिरने की प्रभाव जिला अस्पताल के बोर पर भी पड़ने लगा है। पुराने अस्पताल का एक बोर कम पानी उगल रहा है। आशंका है आने वाले एक सप्ताह के भीतर बोर ड्राई हो जाएगा। बोर के कम पानी देने की वजह से अभी से दिक्कत होने लगी है। मुश्किल से पीने के लिए पानी मिल जा रहा है। दूसरी ओर वार्डों में गर्मी की वजह से पानी की खपत बढ़ गई है। सुबह के समय में टंकी में भरा हुआ पानी शाम तक खत्म हो जा रहा है। ऐसे में शाम को भी बोर का उपयोग करना पड़ रहा है। हालत को देखते हुए कुछ दिनों में बोर के ड्राई होने की आशंका है। ऐसा होने पर जिला अस्पताल में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा।

# युवाओं के लिए थल सेना भर्ती रैली एक जून से

### बिलासपुर के बेहतरिया स्टेडियम में भर्ती रैली का आयोजन

**रायपुर।** भारतीय थल सेना द्वारा बिलासपुर के बेहतरिया स्टेडियम में आगामी 01 जून 2019 से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा। भारतीय थल सेना की भर्ती रैली हेतु इच्छुक युवा सेना की वेबसाइट में 02 अप्रेल से 16 मई 2019 तक ऑनलाईन पंजीयन कर भर्ती रैली में भाग ले सकते है। जिला रोजगार कार्यालय रायपुर से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन पंजीयन उपरांत 18 मई 2019 से इसी वेबसाइट अथवा आवेदक अपने ईमेल एडेऊस से रैली में सम्मिलित होने की तिथि की जानकारी तथा प्रवेश पत्र का प्रिंट ऑउट ले सकते है। आवेदन करने की विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय रायपुर के सूचना पटल पर अथवा वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से अपलोड भी की जा सकती है। भर्ती रैली के अधिसूचित पदो के लिये शैक्षणिक एवं शारीरिक योग्यता में सैनिक सामान्य ड्यूटी (जी.डी.) के लिए 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण तथा प्रत्येक विषय में कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो। ग्रेडिंग सिस्टम होने पर 10वीं कक्षा में प्रत्येक विषय में कम से कम डी ग्रेड (33-40) और सभी विषयों का औसत सी-2 ग्रेड के साथ 33 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इस पद के लिए आयु सीमा 17.5 से 21 वर्ष, शारीरिक योग्यता कद 168 सेमी, वजन 50 किग्रा, सीना 77/82 है। इसी प्रकार सैनिक सामान्य ड्यूटी (अनुसूचित जनजाति) के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण तथा प्रत्येक विषय में कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो। ग्रेडिंग सिस्टम होने पर 10वीं कक्षा में प्रत्येक विषय में कम से कम डी ग्रेड (33-40) और सभी विषयों का औसत सी-2 ग्रेड के साथ 33 प्रतिशत होना अनिवार्य है।

# ऑनलाइन आवेदनों की छंटनी शुरू, 2 को खुलेगी लॉटरी

**महासमुंद।** आरटीई के तहत अब निजी स्कूलों में सीट अलाटमेंट का इंतजार है। सत्र 2019-20 के लिए 1 मार्च से 15 अप्रैल 2019 के बीच आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिले में कुल 2049 आरटीई सीटों के लिए 2792 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब आवेदनों की छंटनी शुरू हो गई है।



ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदकों को आवेदन की हार्डकापी प्रमाणित दस्तावेजों सहित नोडल अधिकारियों के पास जमा करनी थी, लेकिन कई आवेदकों ने ऐसा नहीं किया है। इस कारण उनके आवेदन निरस्त हो जाएंगे और आवेदक दावा आपत्ति नहीं कर सकेंगे। आवेदन की हार्डकॉपी नोडल केंद्रों में जमा करना अनिवार्य है। शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।

इसमें बीपीएल परिवार के बच्चे ही लाभ ले सकते हैं। आवेदनों का ऑनलाइन परीक्षण, पात्रता का निर्धारण किया जा रहा है। अपूर्ण आवेदनों के संबंध में आवेदकों को सूचना और पोर्टल में सुधार की कार्रवाई भी 25 से 30 अप्रैल तक किया जाएगा।

### एक लाख रुपये जुर्माना, नहीं पटाने पर सालभर का कैद

**महासमुंद।** एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डा मनोज कुमार प्रजापति ने गांजा तस्करी के आरोपित युवक को न्यायालय में सिद्धदोष पाए जाने पर दस वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार कोमाखान में पदस्थ रहे तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक सनातन बेहरा 10 अक्टूबर 2017 को वाहनों की चेकिंग एनएच-353 स्थित मंडीनाका कसहीबाहरा के पास

# मामूली विवाद में बच्चो का गला घोंट कर हत्या

**कोरबा।** सीतामणी इलाके में बुधवार को दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक 12 वर्षीय बच्चे की रक्तरंजित लाश वैष्णो दरबार के पास मिली। पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए जब संदेह के आधार पर एक अन्य नाबालिग लड़के से पूछताछ की तो वही हत्यारा निकला। मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद में उसने गला घोंटकर मार डालना बताया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सीतामणी स्थित वैष्णो दरबार के पास 12 वर्षीय बालक उत्तम की रक्तरंजित लाश बुधवार दोपहर एक बजे देखी गई। बताया गया कि शनि मंदिर के पास रहने वाली सकुन बाई रोजी-मजदूरी कर अपना व बच्चों का जीवन-यापन करती है। वह रोज की तरह काम पर गई थी जबकि उसका छोटा पुत्र उत्तम अपनी मौसी मालती के साथ वैष्णो दरबार के पास गया था। मालती वैष्णो दरबार के नजदीक छोटेलाल नामक व्यक्ति के द्वारा घर पर ही खोले गए कपड़े की दुकान पर काम करती है।

# बड़े पर्दे पर छाएंगे सिद्धांत चतुर्वेदी, एम सी शेर पर फिल्म बनाएंगी जोया अख्तर

जोया अख्तर की फिल्म गली बॉय इस साल की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक रही। मुराद और सफीना के रोल में रणवीर और आलिया जहां पर्दे पर छा गए, वहीं जोया अख्तर ने हर किरदार को बेहद खास तरीके से गढ़ा था। छोटे से छोटे स्क्रीन स्पेस में भी हर कलाकार ने इस फिल्म में अपनी जान डाल दी। खासकर, एम सी शेर के रोल में सिद्धांत चतुर्वेदी को फैन्स ने खूब सराहा।

फिल्म में सिद्धांत का किरदार तो मजबूत था ही, उन्होंने अपनी दमदार ऐक्टिंग और ऐटिट्यूड से पर्दे पर अपनी अलग छाप छोड़ी। फिल्म के बाद उनकी हर ओर वाहवाही होने लगी। बिग बी अमिताभ बच्चन ने भी उन्हें खत लिखकर उन्हें बधाई दी। वहीं, सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स में अचानक खूब इजाफा हो गया। सिद्धांत ने अपनी पहली फिल्म में ही अपना अलग फैनबेस तैयार कर लिया है और अब सिद्धांत के फैन्स के लिए खुशखबरी है।



# एमी त्रिवेदी को मिला दया बेन के रोल का ऑफर



छोटे परदे के सबसे पॉप्युलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दिशा वकानी को बदलने जाने की अटकलें काफी समय से चल रही हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि शो के मेकर्स ने नई दया बेन की तलाश भी शुरू कर दी है। दिशा वकानी करीब डेढ़ साल से मैटरनिटी लीव पर हैं।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि पापड़ पोल' ऐक्ट्रेस एमी त्रिवेदी से दया बेन के रोल के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि एमी ने इस खबर का खंडन किया है।

करीबी सूत्रों ने बताया है कि मेकर्स दया बेन के रोल के लिए एमी के नाम पर विचार कर रहे हैं। वहीं एमी ने कहा, नहीं, मुझसे संपर्क नहीं किया गया है, लेकिन मेरे दोस्तों ने मुझसे कहा है कि मुझे यह रोल करना चाहिए और यह कैरक्टर मुझे सूट भी करेगा। हालांकि मुझे इस रोल के लिए अप्रोच नहीं किया गया है और न ही निर्माताओं ने मुझसे बात की है।'

# तेरे नाम के सीक्वल की तैयारी में सतीश कौशिक

फिल्म निर्देशक सतीश कौशिक का बॉलिवुड में एक अलग ही रुतबा है। वह न सिर्फ फिल्मों का बेहतरीन निर्देशन करते हैं बल्कि वह अपनी ऐक्टिंग के लिए भी जाने जाते हैं। साल 1983 से उन्होंने फिल्मों के निर्देशन में कदम रखा और अब तक दर्जनों फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। उनकी फिल्में दर्शकों के दिलों तक पहुंचती हैं फिर चाहे वह उसमें ऐक्टिंग कर रहे हों या फिर बतौर निर्देशक उसका हिस्सा हों। ऐसी ही एक फिल्म आई थी तेरे नाम। सतीश कौशिक के निर्देशन में बनीं इस फिल्म को 16 साल हो चुके हैं लेकिन दर्शकों के दिलों में आज भी इसकी खास जगह है। फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक आज भी सुने जाते हैं। कई बार दर्शकों की ओर से फिल्म के सीक्वल की भी ख्वाहिशें जाहिर हुई हैं। इसी कड़ी में सतीश कौशिक फिल्म का सीक्वल लेकर आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सतीश कौशिक ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म तेरे नाम के सीक्वल की कहानी पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यह भी एक लव स्टोरी ही है।

